भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3714

(दिनांक 21.12.2021 को उत्तर देने के लिए)

'फिल्म का ऑस्कर पुरस्कार के लिए नामांकन करने वाली समिति

3714. श्री मनीश तिवारी:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि ऑस्कर समिति ने फिल्म "उधम सिंह" को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह "अंग्रेजों के खिलाफ नफरत" को दर्शाती है;

(ख) ऑस्कर के लिए किसी फिल्म को नामांकित करने के लिए सरकार द्वारा चुनी गई समिति की संरचना का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सदस्यों को मनोनीत करने की कोई उक्त प्रक्रिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) ऑस्कर के लिए नामांकित की जाने वाली फिल्म के चयन के लिए समिति द्वारा लागू मानदंडों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का स्थिति को सुधारने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ङ): ऑस्कर फिल्म पुरस्कार अकेडेमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साईंसेज, यूएसए द्वारा प्रदान किए जाते हैं। अकादमी ने "अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म" श्रेणी में ऑस्कर पुरस्कार के लिए विचार करने हेतु भारत की एक मात्र प्रविष्टि के रूप में एक फिल्म का चयन करने के लिए अखिल भारतीय फिल्म व्यापार निकाय, भारतीय फिल्म संघ को अधिकृत किया है।

भारत सरकार का समिति के चयन में अथवा 'ऑस्कर' के लिए फिल्म के चयन में कोई भूमिका नहीं है, क्योंकि यह चयन भारतीय फिल्म संघ द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाता है।

****